अमर उजाला

Sonipat News: चार दुकानों पर बिकता मिला हिंदुस्तान यूनीलीवर का नकली उत्पाद

सोनीपत। कच्चे क्वार्टर बाजार में ब्रांडेड कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर के नकली कॉस्मेटिक उत्पाद बेचे जा रहे हैं। कंपनी के ऑपरेशन मैनेजर ने सूचना के बाद पुलिस के साथ चार दुकानों पर छापा मारकर नकली उत्पाद बरामद किए हैं। जिस पर पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने चार दुकानदारों पर कॉपी राइट एक्ट व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया। बाद में उन्हें जमानत दे दी गई।
नई दिल्ली स्थित कंसल्टेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में ऑपरेशन मैनेजर उदित तिवारी ने पुलिस को बताया कि वह मैसर्स हिंदुस्तान यूनीलीवर कंपनी की तरफ से शिकायत देने के लिए अधिकृत किए गए हैं। उन्हें सूचना मिली थी कि उनके अधिकार क्षेत्र में स्थित कच्चे क्वार्टर मार्केट, सोनीपत में कुछ दुकानदार उनकी कंपनी के नाम से नकली कॉस्मेटिक सामान बेच रहे हैं। इनमें मां साध्वी बैंगल्स स्टोर कच्चे क्वार्टर मार्केट, ए-1 कॉस्मेटिक-कच्चे क्वार्टर मार्केट, नारंग आर्टिफिशियल-कच्चे क्वार्टर व कनिका बैंगल्स कच्चे क्वार्टर मार्केट सोनीपत शामिल हैं। उदित तिवारी ने बताया कि उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस को साथ लेकर दुकानों की जांच करने पर हिंदुस्तान यूनीलीवर के लैक्मे रेंज के नकली उत्पाद अलग किए गए। नकली सामान की सूची अलग से तैयार की गई। पुलिस ने मामले में कॉपीराइट एक्ट व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले में सलाद्दीन, कमल व अश्विनी को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया।

Source: https://www.amarujala.com/haryana/sonipat/counterfeit-hindustan-unilever-product-found-being-sold-at-four-shops-sonipat-news-c-197-1-snp1001-9393-2023-11-16